# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2016

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2016

## (ANNUAL / वार्षिक)

# POLITICAL SCIENCE

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION - A

सही विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए:

1. संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ?

(a) डॉ. अम्बेडकर

(b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(c) डॉ. राधाकृष्णान

(d) इनमें से कोई नहीं

2. काँग्रेस ने किस प्रकार का समाजवाद अपनाया ?

(a) मार्क्सवादी

(b) ब्रिटेन का लोकतांत्रिक समाजवाद

(c) गाँधी का सर्वोदय

(d) लेनिन का साम्यवाद

https://www.bsebstudy.com

3. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी किस दल के हैं ?

(a) काँग्रेस

(b) शिवसेना

(c) भारतीय जनता पार्टी

(d) जनता पार्टी

4. दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल किस दल के हैं ?

(a) भाजपा

(b) आम आदमी पार्टी

(c) लोक दल

(d) इनमें से कोई नहीं

5. संविधान द्वारा किस भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया है ?

(a) अंग्रेजी

(b) हिन्दी

(c) उर्दू

(d) हिन्दुस्तानी

6. "सामाजिक न्याय के साथ विकास' किस पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य था ?

(a) तीसरी

(b) चौथी

(c) पांचवीं

(d) छठी

7. योजना आयोग का गठन कब हुआ ?

(a) 1950 में

(b) 1952 में

(c) 1953 में

(d) 1951 में

8. 1965 और 1971 में भारत का किस देश से युद्ध हुआ था ?

(a) चीन

(b) श्रीलंका

(c) पाकिस्तान

(d) बांग्लादेश

9. भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य कब बना?

(a) 1945 में

(b) 1947 में

(c) 1950 में

(d) 1952 में

10. शिमला समझौते पर भारत के किस प्रधानमंत्री ने हस्ताक्षर किए ?

(a) लाल बहादुर शास्त्री

(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) इन्दिरा गाँधी

(d) इनमें से कोई नहीं

11. 'गरीबी हटाओ' का नारा किसने दिया ?

(a) राजीव गांधी

(b) इन्दिरा गाँधी

(c) मनमोहन सिंह

(d) नरेन्द्र मोदी

12. काँग्रेस फॉर डेमोक्रेसी के संस्थापक नेता कौन था ?

(a) बहुगुणा

(b) सत्पथी

(c) जगजीवन राम

(d) राम विलास पासवान

13. सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन का नेतृत्व किसने किया ?

(a) कर्पूरी ठाकुर

(b) चन्द्रशेखर

(c) जयप्रकाश नारायण

(d) इनमें से कोई नहीं

14. जनता पार्टी, जनसंघ, काँग्रेस फॉर डेमोक्रेसी और संगठन काँग्रेस अप्रैल, 1977 में विलय कर कौन पार्टी बनाए ? https://www.bsebstudy.com

(a) जनता दल

(b) जनता पार्टी

(c) स्वतंत्र पार्टी

(d) लोक दल

15. तेलगु देशम किस राज्य का क्षेत्रीय दल है ?

(a) तमिलनाडु

(b) कर्नाटक

(c) आन्ध्र प्रदेश

(d) केरल

16. सौराष्ट्र किस राज्य का अंग है ?

(a) महाराष्ट्र

(b) राजस्थान

(c) कर्नाटक

(d) गुजरात

17. अकाली आन्दोलनकारियों की क्या माँग थी ?

(a) अलग पंजाब

(b) खालिस्तान राज्य

(c) पृथक राष्ट्र

(d) इनमें से कोई नहीं

18. मेधा पाटेकर का नाम किस आंदोलन से जुड़ा है ?

(a) प्रदूषण रोको

(b) टेहरी बाँध विरोध

(c) नर्मदा बचाओ

(d) चिपको

19. पहला पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष कौन था ?

(a) कालेलकर

(b) बी. पी. मण्डल

(c) अम्बेडकर

(d) मुंगेरी लाल

20. 1988 में स्थापित जनता दल का संस्थापक किसे माना जाता है ?

(a) जयप्रकाश नारायण

(b) चन्द्रशेखर

(c) वी. पी. सिंह

(d) लालू प्रसाद

21. जो-77 में कौन-से देश आते हैं ?

(a) अविकसित

(b) विकसित

(c) विकासशील

(d) इनमें से सभी

22. पहले गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया ?

(a) वाजपेयी

(b) नेहरू

(c) पटेल

(d) कामराज

23. किस देश ने NATO में अमेरिकी नेतृत्व का विरोध किया ?

(a) ब्रिटेन

(b) फ्रांस

(c) पश्चिम जर्मनी

(d) इटली

24. 1917 में रूस में साम्यवादी राज्य की स्थापना किसने की ?

(a) लेनिन

(b) मार्क्स

(c) एंजिल्स

(d) स्टालिन

25. भारत-पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता कब हुआ था ?

(a) 1965

(b) 1966

(c) 1970

(d) 1971

26. ताशकंद समझौते के समय सोवियत संघ का प्रतिनिधित्व कौन नेता कर रहा था ?

(a) स्टालिन

(b) कोसिजिन

(c) पुतीन

(d) इनमें से कोई नहीं

27. 2003 में अमेरिका ने किस देश पर हमला किया ?

(a) कुवैत

(b) इराक

(c) ईरान

(d) तेहरान

28. किस देश के प्रभुत्व से एक ध्रुवीयता कायम हुआ ?

(a) रूसी संघ

(b) चीन

(c) फ्रांस

(d) अमेरिका

29. कौन सा वर्ष भारत-चीन मित्रता के रूप में मनाया गया ?

(a) 1954

(b) 1962

(c) 1988

(d) 2006

30. 2014 में भारत-चीन संबंध सुधारने की ओर किस भारतीय प्रधानमंत्री ने पहल की?

(a) मनमोहन सिंह

(b) नरेन्द्र मोदी

(c) दोनों ने

(d) इनमें से कोई नहीं

31. दक्षिण एशिया का कौन-सा देश नस्लीय उग्रवाद से पीड़ित है ?

(a) नेपाल

(b) बांग्लादेश

(c) श्रीलंका

(d) भारत

32. दक्षेस (SAARC) में कितने देश हैं ?

(a) 5

(b) 6

(c) 7

(d) 8

33. किस दक्षिण एशियाई देश में संवैधानिक संकट है ?

(a) पाकिस्तान

(b) बांग्लादेश

(c) भूटान

(d) नेपाल

34. सुरक्षा परिषद् में कुल स्थायी सदस्यों की संख्या कितनी है ?

(a) 5

(b) 6

(c) 7

(d) 14

35. संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे बड़ा अंग कौन है ?

(a) सुरक्षा परिषद्

(b) महासभा

(c) सचिवालय

(d) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

36. विश्व बैंक की स्थापना कब हुई ?

(a) 1916 में

(b) 1947 में

(c) 1948 में

(d) 1949 में

37. विश्व के देशों के बीच व्यापार संबंधों के लिए कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है ?

(a) विश्व व्यापार संगठन

(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(c) विश्व बैंक

(d) इनमें से सभी

38. किस संधि में परमाणु परीक्षण को पूर्णतया वर्जित किया गया है ?

(a) परमाणु अप्रसार

(b) आशिक परीक्षण प्रतिबंध

(c) व्यापक परीक्षण प्रतिबंध

(d) इनमें से सभी

39. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा कब की गई ?

(a) 1945

(b) 1946

(c) 1947

(d) 1948

40. बच्चों के अधिकारों के लिए कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है?

(a) रेड क्रॉस सोसाइटी

(b) एमनेस्टी इन्टरनेशनल

(c) यूनिसेफ

(d) इनमें से कोई नहीं

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 10 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक निर्धारित है।

1. शीत युद्ध क्या है ?

अथवा

तनाव शैथिल्य क्या है ?

2. ग्लासनोस्त और पेरेस्त्रोइका से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

तीसरी दुनिया से आप क्या समझते हैं ?

3. एक ध्रुवीयता और दो ध्रुवीयता में अंतर बताइए।

अथवा

नई विश्व व्यवस्था क्या है ?

4. क्षेत्रीय संगठन किसे कहते हैं ?

अथवा

वीटो शक्ति क्या है और वह किसे प्राप्त है ?

5. विश्व व्यापार संगठन का क्या उद्देश्य है ?

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ के कौन-कौन से अंग हैं ?

6. वामपंथी दल से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

एकल आधिपत्य दल व्यवस्था क्या है ?

7. शिमला समझौते का क्या महत्व है ?

अथवा

राज्य और संघ शासित क्षेत्र में क्या अंतर है ?

8. पंचवर्षीय योजना क्या है ?

अथवा

योजना अवकाश क्या है ?

9. बीमारू राज्यों का क्या अर्थ है ?

अथवा

काँग्रेस व्यवस्था की पुनःस्थापना का क्या अर्थ है ?

10. संकटकालीन स्थिति की घोषणा के क्या प्रभाव है ?

अथवा

राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों में क्या अंतर है ?

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

11. गुटनिरपेक्षता क्या है ? इसका मूल्यांकन करें।

अथवा

पंचशील क्या है ? इसके सूत्रों का वर्णन करें।

12. सोवियत संघ के विघटन के कारणों का वर्णन करें।

अथवा

भारत रूस संबंधों पर संक्षिप्त लेख लिखें।

13. भारत के राज्यों के पुनर्गठन का विवेचन कीजिए। https://www.bsebstudy.com

अथवा

भूमण्डलीकरण के प्रभावों का मूल्यांकन करें

14. राजनीतिक दल-बदल क्या है? इस पर रोक के लिए क्या उपाय किये गये ?

अथवा

नियोजन का अर्थ बताइए तथा इसके महत्व का विवेचन करें।

15. क्षेत्रीय दलों के उदय के कारणों पर प्रकाश डालें।

अथवा

नये सामाजिक आंदोलन से आप क्या समझते हैं ?